# वर्तमान समय की चुनौतियां और समाधान

**अपने पास खज़ाने का सिर्फ उपयोग करना ही नहीं किन्तु उचित समय पर, उचित खज़ाने को यूज़ करने की कला आ जाये तो हम कैसी भी चुनौतियों को अवसर में बदल कर सफल हो सकते हैं। उसके लिए हमें हर वक्त उसे धारदार बनाना है जैसे किसी औज़ार को धारदार बनाया जाता है ना!**

बाबा ने प्रतिदिन हम बच्चों को ज्ञान मुरलियों में अनेक रूप से चुनौतियां क्या-क्या आयेंगी,समय अनुसार उसके लिए भी सावधान किया है और कैसे उन चुनौतियों को पार करना चाहिए, उसके उपाय क्या हैं, ये उपाय भी हमें मुरलियों में स्पष्ट बताये हैं। लेकिन फिर भी वर्तमान समय के हिसाब से अगर देखा जाये तो समय बहुत तीव्रगति से आगे बढ़ रहा है। इसीलिए अंतिम समय की ओर... जैसे ये समय भाग रहा है ऐसे अनेक आत्माओं के अंतिम हिसाब-किताब भी समय से पहले खत्म होने ही चाहिए। तो इसीलिए बाबा ने हमको पहले से सावधान किया था कि 'बच्चे चारों ओर से पेपर आयेंगे' और वो चारों ओर से जो पेपर आयेंगे यही पेपर तो चुनौतियां हैं। कभी कौन-सी चुनौती सामने आयेगी, कभी कौन-सी चुनौती सामने आयेगी। इन चुनौतियों के आधार से हमें उसको पार करने की विधि जो बाबा ने बताई है, मैं विशेष उन पर अटेन्शन खींचवाऊँगी क्योंकि ये तो ज़रूर है कि समय के हिसाब से हर एक की चुनौती तो अपनी-अपनी होती है। उन चुनौतियों के विस्तार में अगर हम जायेंगे तो चुनौतियों की कभी समाप्ति होनी नहीं है। किसी के पास शारीरिक हिसाब की चुनौती आती है, किसी के पास वर्तमान समय में धन की चुनौती आती है। किसी के पास मन की चुनौती आती है। क्योंकि आज मानसिक परेशानियाँ इतनी बढ़ती जा रही हैं। कई प्रकार की बीमारियाँ और वो भी खास करके मानसिक तौर की बीमारियाँ।

चाहे तन हो, मन हो, धन हो, तीनों से अलग-अलग। इसी तरह समय की अपनी चुनौती होती है, परिस्थितियों की अपनी चुनौती होती है तो इसलिए ज्ञान का प्रैक्टिकल एप्लीकेशन, जहाँ पर जो ज्ञान की बातें विशेष रूप से यूज़ कर सकें, उल्टा न कर दें। कभी किसी के घर में किसी व्यक्ति की टांग टूट जाये और हम कह दें कि ड्रामा बहुत कल्याणकारी है तो उल्टा हो जायेगा ना! इसे हम अंदर में ही समझ सकते हैं कि इसमें ज़रूर कोई कल्याण समाया होगा। और इसी भाव को लिए हुए उसकी प्यार से सेवा करें। उस सेवा से उनका हृदय पिघल सकता है। और वो बाबा कि ओर आगे आयेगा। बाकी अगर उसके मुँह पर ही कह दें कि आपकी टांग टूटी इसमें बहुत कल्याण है तो ज्ञान सुनने वाला होगा तो भी क्या कहेगा? आपका ज्ञान ऐसा है जो सहानुभूति के बजाय और ही किसी को चोट पहुँचाये! भावार्थ ये है कि उस समय उसको आत्मरूप में देख करके आत्मा के प्रति सबसे बड़ी सम्पति जो बाबा कहते हैं जो आपके पास है, वो सम्पत्ति है सहानुभूति की। उस समय उस आत्मा की प्यार से सेवा करें तो कई प्रकार के जो बंधन हैं वो समाप्त हो जायेंगे और सरलता से उनके मन में भी ये भावना जागृत होगी, जिससे वो भी पिघल जायें और देखने वाले भी पिघल जायें। इतनी सेवा तो इस दुनिया के अन्दर और कोई नहीं कर सकते। ये ब्रह्माकुमारियों का ज्ञान जो है, दिल की सेवा की भावना को जागृत करता है। तो जब आत्मिक रूप से देखेंगे, उसकी सेवा करेंगे तो कई प्रकार के बन्धन धीरे-धीरे समाप्त होते जायेंगे, क्योंकि आने वाले समय में हो सकता है यही बंधन विकराल रूप लेगा तो बहुत बड़े विघ्न या चुनौती आपके सामने होगी।



ब्र.कु. उषा, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

इसलिए प्यार से, आत्मिक भावना से, आत्मिक वृत्ति से उसको देखते हुए, शुभभावना-शुभकामना प्रवाहित करते हुए, निःस्वार्थ भाव, बिना किसी अपेक्षा के हम सेवा करें और फिर उसका रिज़ल्ट देखो। इसी तरह जीवन के अन्दर कोई साइडसीन आ जाये लेकिन वो साईडसीन हमें चुनौती महसूस हो रही हो, ऐसे समय पर ड्रामा का ज्ञान यूज़ करो कि ये भी ड्रामा का एक हिस्सा है। और उसको समझते हुए- इसमें भी कोई कल्याण समाया हुआ है।



हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा श्रीराम गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शांता बहन, ब्र.कु. मीना बहन, ब्र.कु. श्वेता बहन, इंजीनियर संजय सिंह, ब्र.कु. दिनेश भाई, जनमंच के संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश कुमार शर्मा तथा अन्य भाई-बहनें शामिल रहे। इस दौरान ब्र.कु. शान्ता बहन ने ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर से मुलाकात कर उन्हें ईश्वरीय संदेश दिया एवं ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट किया।



हांसी-हरियाणा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य ब्र.कु. गुरमेश, ब्र.कु. सोनिया एवं ब्र.कु. किरण ने गीत व संगीत के माध्यम से मन को परमात्मा से जोड़कर योगा-प्राणायाम करना सिखाया। कार्यक्रम के दौरान सोनीपत रिट्रीट सेंटर की प्रभारी ब्र.कु. लक्ष्मी बहन भी उपस्थित रहीं।



हसनपुर-हरियाणा। ईश्वरीय ज्ञानचर्चा के पश्चात् आंगनबाड़ी ऑफिसर्स को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. इंदिरा बहन।


ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....

कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510

सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,


Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक 200 रूपये, तीन वर्ष 600 रूपये, कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शांतिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

Website: www.omshantimedia.org

For Online Transfer

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail -omshantimedia.acct@bkivv.org **OR**
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087




दिल्ली-पांडव भवन(करोल बाग)। ब्रह्माकुमारीज़ के 'कल्प तरु' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करते हुए रवि जी,स्थानीय विधायक, ए.के. सिंह,प्रिंसिपल साइंटिस्ट,आईसीएआर पूसा, ब्र.कु. पुष्पा दीदी, निदेशिका, स्थानीय सेवाकेन्द्र तथा अन्य।



प्रयागराज-उ.प्र.। आध्यात्मिक कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित करते हुए मध्य में महापौर बहन अभिलाषा नंदी, ब्रह्माकुमारीज़ की प्रयागराज मंडल संचालिका ब्र.कु. मनोरमा दीदी, जिला उद्यान अधिकारी सुरेंद्र राम भास्कर, पूर्व जिला उद्यान सुपरिन्टेंडेंट अखंड प्रताप सिंह, एनसीसी प्रयागराज कैप्टन रेखा पटेल, महिला सेवा सदन डिग्री कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल शीला रानी यादव, प्राथमिक विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर श्रीलेखा जी, नैनी पार्षद नीलम यादव आदि।



बाढ़-पटना(बिहार)। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनुज, डॉ. अशोक कुमार सिंह, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. ज्योति बहन व राष्ट्रीय कैडेट कोर के सदस्यों सहित अन्य भाई-बहनें शामिल रहे।



झालावाड़-राज.। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर डॉक्टर्स के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ मंजू अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. गोकुल नागर, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल विजय, समर्पण हॉस्पिटल के डॉ. अरुण समर, जनरल फिज़ीशियन डॉ. अशोक पाटीदार तथा ब्र.कु. मीना दीदी।